तत् पिता द्यौः। तद्ग्रावाणः सोमसुतो मयोभुवस्तदश्विना श्रष्णुतं धिष्ण्या युवम्म (ऋ०वे० 1/89/4) इसमें नगरों, नदियों, वनों और पर्वतों के प्रति रागात्मक सम्बन्धों को दर्शाते हुए लोगों के हृदय में स्वराज्य की भावना को भी अभिव्यक्त किया गया है। राष्ट्र-रिपुओं का सर्वदा दमन करने हेतु वैदिकी शिक्षा की नितान्त आवश्यकता है। राष्ट्ररिपु के साथ शठे शाठ्यं समाचरेत् की वेद निहित नीति को कार्यान्वित करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्र रक्षा हेतु सुदृढ़ सैन्य व्यवस्था के साथ–साथ वेदों में निर्दिष्ट एकता तथा संगठन की महत्ता पर विशेष बल दिया गया है। पुराणों में भारतवर्ष के सभी प्रदेशों एवं प्रदेशवासियों में अभिन्नता तथा आत्मीयता के सम्बन्ध के वर्णन के साथ-साथ नदियों, पर्वतों और तीर्थभूमियों में लोगों की आस्था को सुस्पष्ट किया गया है–उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चौव दक्षिणम्।... विन्ध्यश्च पारियात्नश्च सप्तात्नश्च कुलपर्वताःम (वि०पु० 2/3/1–3) रामायण तथा महाभारत में प्रजा के हितार्थ राजा द्वारा राज्य में किए जाने योग्य यथार्थ कार्यादि की रूपरेखा का उल्लेख प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त श्रीमद्भग्वद्गीता में भारतभूमि को विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बताते हुए उसकी वरेण्यता, अभिलषणीयता को प्रमाणित किया गया है। भास सहित अन्य कवियों के वीर रस प्रधान ग्रन्थों में भी राष्ट्रिय भावनाओं का वर्णन किया गया है।

53

मुण्डकोपनिषद् में प्रतिपादित मोक्ष

कृष्णकान्त सरकार

शोध–छात्र, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

sarkarkrishnakanta33@gmail.com

सांसारिक बन्धनों से आत्मा का मुक्त होना ही मोक्ष कहलाता है। आत्मा जब मोक्ष पद को प्राप्त हो जाता है, तब वह आनन्द स्वरूप हो जाता है। आत्मा का यह आनन्द स्वरूप ही आत्मा का वास्तविक स्वरूप है और मोक्ष की स्थिति में आत्मा ब्रह्ममय हो जाता है। ब्रह्ममय की स्थिति में आत्मा सारे बन्धनों से मुक्त होकर अमरत्व को प्राप्त करता है। उपनिषदों के ऋषियों ने प्रत्येक मानव के कल्याण हेतु उपनिषदों में मोक्ष प्राप्त करने के लिये अनेक उपायों का वर्णन किया है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चार पुरुषार्थों में से अन्यतम मोक्ष-पुरुषार्थ को माना जाता है। यह मोक्ष पुरुषार्थ केवल साधक या योगियों के लिये ही नहीं है, अपीतु समग्र मानव जाति के कल्याण हेतु वर्तमान में भी अत्यन्तावश्यक है। इस प्रपत्र के अभिधेयानुसार मुण्डकोपनिषद् में प्रदिपादित मोक्ष प्राप्ति का उपाय, मोक्ष का स्वरूप और मोक्ष प्राप्ति की आवश्यकता आदि विषयों वर्णन किया जाएगा।

54

कर्मबन्धन और कर्ममुक्ति विषयक भारतीय अवधारणा

माधव गोपाल

संस्कृत विभाग, भारती महाविद्यालय

mgopalt@gmail.com

भारतीयदर्शन के विविध सम्प्रदायों में मनुष्य के न केवल निवर्तमान जन्म के अपितु पूर्व जन्मों के कर्मों के महत्त्व को भी बहुत ही व्यवस्थित तरीके से रेखांकित किया गया है। मनुष्य के सुख-दुःख, उसकी सांसारिक एवं आध्यात्मिक उपलब्धियां उसके कर्मों का ही परिणाम स्वीकार की जाती हैं। सामान्य मनुष्य के सारे कर्म उसकी कामनाओं से सञ्चालित होते हैं, जैसा कि आचार्य मनु का कथन है: *अकामस्य क्रिया काचिद्दृश्यते नेह कर्हिचित्। यद् यद्धि कुरुते किंचित्तत्तत्कामस्य चेष्टितम्।* (मनु 2/4)। उसकी यही कामनाएं उसके बन्धन का कारण बनती हैं और कामना के वशीभूत होकर किये गये सारे कर्म उसे कर्मबन्धन में बांधते हैं। भारतीय दर्शन हमें इस कर्मबन्धन से निपटने के लिये कर्ममुक्ति का उपाय बताते हैं। जैसा कि गीताकार का कथन है: *कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।।* (गीता 2/47)। इन शास्त्रीय उपायों से मनुष्य न केवल कर्मों से मुक्त हो जाता है, अपितु उसे सारी समस्याओं का समाधान मिल जाता है और वह अपने नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त स्वरूप में सदा के लिये अवस्थित हो जाता है।

भारतीय दर्शनों में कर्मबन्धन को गहराई से समझने हेतु अनेक प्रयास किये गये हैं। प्रारब्ध, सञ्चित और क्रियमाण कर्मों की तीन श्रेणियां बनायी गयी हैं। किन सत् या असत् कर्मों का फल शीघ्र मिलेगा, किन कर्मों के फल में विलम्ब

हो सकता है, इत्यादि महत्त्वपूर्ण विषयों पर दार्शनिक विचार योगसूत्र आदि ग्रन्थों में सुलभ होते हैं। इस शोधपत्र में उक्त सभी विषयों को भी यथोचित तरीके से उपस्थापित करने का प्रयास किया जायेगा।

55

वैदिक साहित्य एवं मानवाधिकारः एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. मणिमाला कुमारी

व्याख्याता, प्रा.शि.शि. महा.वि, पटना

mmani2223@gmail.com

भारतीय संस्कृति प्राचीन काल से ही स्वयं में विशिष्ट और गरिमापूर्ण है। भारतीय संस्कृत केवल मूल्यों की सांस्कृतिक संपत्ति ही नहीं हैं, अपितु भारतीय संस्कृति में प्रारम्भ से ही मानव मात्र की गरिमा और मूल्यों की सुरक्षा के विशेष प्रयत्न किए गए हैं। भारतीय संस्कृति प्राचीन काल से ही स्वयं में मानवाधिकार के वे अधिकार है जो हमारी प्रकृति या स्वभाव में अन्तर्निहित है, जिनके बिना मानव अपने व्यक्तित्व का सर्वाङ्गीण विकास नहीं कर सकता। इस वैश्विक और सार्वजनिक भावना के तहत, प्राचीन काल से ही संस्कृत वाङ्मय में मानवाधिकारों के अनेक संदर्भ प्राप्त होते हैं। न्याय, समता, बन्धुत्व, आदि मानवीय मूल्य मानवाधिकार के प्राणस्वरूप हैं, जिनका लौकिक साहित्य में रामायण, मृच्छकटिकम्, अभिज्ञानशाकुन्तलम्, रत्नावली, दशकुमारचरितम्, मेघदूतम्, आदि संस्कृत ग्रन्थों में उल्लेख किया गया हैं। ये मानवाधिकार प्राचीन काल से ही संस्कृत वाङ्मय में बीजरूप में निहित है। इसी प्रकार हमारे धार्मिक ग्रन्थों जैसे–गीता, कुरान, गुरुग्रन्थसाहिब, बाईबिल आदि में मानवाधिकारों का विस्तृत रूप से वर्णन प्राप्त होता हैं।

प्रत्येक मानव के मूल अधिकार हैं–सर्वत्र, सुखी, निरोगी, दुःखविहीन, मानवी सृष्टि की स्थापना हुई। 1948 में 30 अनुच्छेदों में संयुक्त राष्ट्र संघ की सार्वभौम घोषणा विश्व के समक्ष प्रस्तुत हुई, जो वेद उपनिषदों की विचारणा का रूपान्तरण, अनुवाद एवं अनुवाक्यांश मात्र हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में शोधकर्त्री द्वारा वैदिकसाहित्य में मानवाधिकारों का विश्लेषण एवं अध्ययन किया गया है।

56

ऋग्वेद में मानवाधिकार

डॉ. मीना कुमारी

एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, मिराण्डा हाउस

meenakumari1964@gmail.com

वे सभी अधिकार जो किसी भी व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता तथा प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं, मानवाधिकार कहे जाते हैं। सरल शब्दों में कहे, तो मानव होने के कारण, उन्हें जो अधिकार प्राप्त होते हैं, वे मानवाधिकार कहे जाते हैं। ये किसी देश की सीमा से बंधे नहीं होते; अपितु ये सार्वभौमिक होते हैं। 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा मानवाधिकारों का सार्वभौमिक घोषणापत्र जारी किया गया था। इसी दिन से मानवाधिकारों को कानूनी तौर पर मान्यता दी गई थी। भारतवर्ष में 28 दिसम्बर 1993 को मानवाधिकार के संरक्षण हेतु अध्यादेश पारित किया गया। 8 जनवरी 1994 को इसे मान्यता मिली। वर्ष 2006 में इस नियम में संशोधन किया गया। वर्तमान समय में भारत संयुक्त राष्ट्रसंघ की ''मानवाधिकार परिषद्'' का सदस्य है।

मानवाधिकार के अन्तर्गत प्रदूषणमुक्त वातावरण में जीने का अधिकार, अभिरक्षा अर्थात् बचाव में यातनापूर्ण और अपमानजनक व्यवहार न होने सम्बन्धी अधिकार और महिलाओं के साथ सद्व्यवहार का अधिकार सम्मिलित हैं। परन्तु आज के समय में स्थिति यह हैं कि मानवाधिकार के नाम पर अपराधियो, आंतकवादियों और देशद्रोहियों के समर्थन में सभी खड़े हो जाते हैं किन्तु देश के लिए शहीद होने वाले सैनिकों, नक्सलियों की हिंसा का शिकार होने वाले अर्धसैनिक बलों आदि के लिए कोई मानवाधिकारी आवाज नहीं उठाता। ऋग्वेद के विभिन्न मन्त्रों में यह धारणा परिलक्षित होती हैं कि अत्याचारियों और उनके सहायकों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने चाहिए। साथ ही मनोवैज्ञानिक रीति से सुधार के योग्य लोगों के विचारों में परिवर्तन लाने का प्रयास भी करना चाहिए।

57

वेदों में राष्ट्र-प्रेम की भावना

डॉ. नन्दिता सिंघवी

डी.लिट्.,सह आचार्य, अध्यक्ष, संस्कृत–विभाग, राजकीय डूँगर महाविद्यालय, बीकानेर

nanditasinghvisns@gmail.com

वेदों में राष्ट्र की न केवल परिकल्पना की गयी है, बल्कि उसके आधारभूत तत्त्व, उपयोगिता, महत्ता तथा उसके प्रति व्यक्तियों के कर्तव्यों का भली-भांति निर्देश दिया गया है।

ऋषियों को यह तथ्य विदित था कि राष्ट्र की एकता, अखण्डता तथा प्रगति तभी तक संभव है जब तक यहाँ के निवासियों में प्रगाढ़ एकता और राष्ट्रप्रेम बना रहेगा। जिस प्रकार माता मनुष्य के लिये पूज्या, आदरणीया और गुरु होती है उसी प्रकार मातृभूमि भी हमारी माता होती है–*माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः* (अथर्ववेद, 12/1/12)। मनुष्य को अपनी मातृभूमि से पुत्रवत् प्रेम और आत्मीयता रखनी चाहिए, क्योंकि वह भूमि का पुत्र है। वैदिक ऋषि प्रजा को ही राष्ट्र कहते हैं तथा प्रजा से ही राष्ट्र को श्रेष्ठ बताया गया है। प्रजा राष्ट्र है पशु राष्ट्र है तथा जो कुछ श्रेष्ठ वह राष्ट्र है–*राष्ट्रं प्रजा राष्ट्रं पशवो राष्ट्रयच्छ्रेष्ठो भवति*–(तैत्तिरीय संहिता, 3/4/8/2; अथर्ववेद, 12/3/10–उत्तरंराष्ट्रंप्रजया)। प्रजा के पारस्परिक सौमनस्य तथा राष्ट्रभक्ति व राष्ट्रप्रेम से ही राष्ट्र की समृद्धि वह विकास संभव है। प्रजा जिस प्रकार का आचरण व व्यवहार करती है उसी प्रकार का राष्ट्र बन जाता है। अथर्ववेद (12/1/45) में राष्ट्र-प्रेम की भावना को मनोरम ढंग से प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि लोग किसी भी भाषा को बोलें तथा धर्म की उपासना करें, किन्तु समग्र राष्ट्र को गृह के समान समझना चाहिए तभी राष्ट्र समृद्धशाली हो सकेगा।

वैदिक राष्ट्र-प्रेम की अवधारणाओं का ज्ञान मनुष्यों को कराया जाये तथा वेद के प्रति आस्थावान बनाया जाये तभी वर्तमान अलगाववाद, आतंकवाद और उग्रवादियों आदि समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा।

58

वैदिक साहित्य में नारी की वैचारिक स्वतन्त्रता

डॉ. नीलम गौड़

असिस्टैंट प्रोफेसर, ए.आर.एस.डी. कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

neelam.gaur2299@gmail.com

वेद अथाह ज्ञान के भण्डार हैं। कर्म, ज्ञान, उपासना तथा मानव जाति के कल्याण की समग्र विचारधारा वेदों में समाहित है। वेदों में अभिव्यक्त ऋषि-मुनियों का चिन्तन नर और नारी दोनों के लिए यद्यपि समान रूप से हुआ है तथापि नारी के सशक्त स्वरूप को प्रकट करने वाले अनेक उदाहरण वैदिक साहित्य में मिलते हैं। वैचारिक स्वतन्त्रता सामान्यतः व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता को बताती है। वैदिक काल में नारी के सशक्त और सक्षम व्यक्तित्व का कारण उसकी बौद्धिक सम्पदा ही रही है। यजुर्वेद में एक स्थान पर अनेक गरिमायुक्त विशेषणों से सम्बोधित करते हुए नारी को उपदेश करने को कहा गया–*इडे रते हव्ये काम्ये चन्द्रे ज्योतेऽदिते सरस्वति महि विश्रुति। एता तेऽघ्न्ये नामानि देवेभ्यो मा सुकृतं ब्रूतात्।।* यजु. 8.43 वैदिककालीन आश्रमव्यवस्था के अन्तर्गत गृहस्थाश्रम की धुरी नारी ही है–*गृहिणी गृहमित्याहुः न गृहम् गृहिणीं विना।* नारी और वेद की चर्चा में पारस्करगृह्यसूत्र में कहा गया है कि पाणिग्रहण के बाद लाजाहोम में कन्या अपने लिए अपने मुख से नारी शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग करती है। नारीत्व प्राप्त करते ही वह दो प्रधान आदर्श अपने जीवन के लिए रखती है–1. *आयुष्मानस्तु मे पतिः 2. एधन्तां ज्ञातयो मम।* इस प्रकार के ये आदर्श परमार्थ सार को व्यक्त करते हुए नारी की समृद्ध विचारशक्ति को बताते हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में वैदिक साहित्य में प्रयुक्त स्त्रीत्व बोधक कुछ शब्दविशेशों–*नारी, नारि, मेना, जाया, स्त्री, सूनरी, पुरन्धि, पत्नी* आदि के माध्यम से नारी की वैचारिक स्वतन्त्रता का अध्ययन किया गया है।

59

वेद के राष्ट्रिय गीत में प्रतिपादित राष्ट्रोन्नति के मूल तत्त्व

डॉ. निरुपमा त्रिपाठी

एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, कानपुर विद्या मन्दिर महिला महाविद्यालय, कानपुर

nirupamatripathi@gmail.com

आधुनिकतम विचारों के विविध सूत्रों से व्याप्त विश्व के प्राचीनतम ज्ञानकोष वेदों में जीवन के प्रत्येक सन्दर्भों के लिए उपयोगी एवं सार्थक उद्धरण प्राप्त होते हैं। अथर्ववेद के 12वें काण्ड के प्रथम सूक्त जिसे पृथ्वी अथवा भूमि सूक्त कहा जाता है, में राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना करने वाली प्रजा के लिए अपने कर्तव्यों के निर्वाह की उत्तम शिक्षा दी गई है। इस सूक्त में किसी विशेष कालखण्ड के किसी राष्ट्रविशेष की उन्नति के उपाय नहीं बताए गए हैं, अपितु सामान्य रूप से एक राष्ट्र की कल्पना करके उसके प्रति आदर रखने वाले लोगों के द्वारा करणीय आदर्श कार्यों का उपदेश दिया गया है। इसी कारण इस सूक्त को राष्ट्रिय गीत कहना समीचीन है। भूमि सूक्त के प्रथम मन्त्र में ही सात शक्तियों का उल्लेख है जो किसी भी राष्ट्र को धारण करने के लिए आवश्यक हैं। ये हैं– महान् सत्य, महान् ऋत्, उग्रता, दीक्षा, तप, ब्रह्म-शक्ति तथा यज्ञ। इस काव्यमय सूक्त के माध्यम से किसी भी राष्ट्र की उन्नति के तत्त्वों का ही गहनता से वर्णन किया गया है। मनुष्य की सम्पूर्ण सुख-समृद्धि एवं ऐश्वर्य का आधार भूमि ही है। अतः इसकी महत्ता का गान ही नहीं इसके संरक्षण के उपायों की चर्चा भी आवश्यक है। विवेच्य शोधपत्र में पृथ्वी सूक्त में प्रतिपादित राष्ट्रहित के इन सात तत्त्वों को आधार बनाकर उन्नति के विविध उपायों की नवीन एवं प्रासङ्गिक व्याख्या प्रस्तुत की जाएगी।

60

वेदों में मुक्ति

निशि अरोड़ा

एसोसिएट प्रोफेसर, ए. एण्ड यू. तिब्बिया कालेज एवं हॉस्पिटल, नई दिल्ली

nishiarora_doc@yahoo.co.in

विद् ज्ञाने धातु से वेद शब्द की व्युत्पत्ति हुई है। इस आधार पर वेद ही मुक्ति का साधन बताने वाले एकमात्र स्रोत हैं। ज्ञान के द्वारा जब अज्ञान का आवरण हटा दिया जाता है, तब शुद्ध जीव पराशक्ति से अपने संबंध को पुनः प्राप्त करता है। यही स्थूलतः एवं सूक्ष्मतया मुक्ति की परिभाषा भी है। उपनिषदों में ज्ञान को मोक्ष का साधन बताया गया है–*ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः*। वस्तुतः ज्ञान से अविद्या का नाश होता है। गंभीर चिंतन करने पर यह भी समझ में आता है कि सभी आस्तिक दर्शन विभिन्न मार्गों से मानव पुरुषार्थ के अंतिम लक्ष्य तक पहुंचते हैं। इसी के साथ साथ आयुर्वेद (जिसे कि पंचम वेद, अथवा अथर्ववेद का उपवेद भी कहा गया है) में भी मोक्ष अथवा मुक्ति की अवधारणा है। प्रस्तुत प्रपत्र में अविद्या और विद्या में भेद स्पष्ट करते हुए आस्तिक दर्शनों में मुक्ति विषय पर प्रकाश डाला गया है। आयुर्वेद एवं श्रीमद्भगवद्गीता में भी मोक्ष के सिद्धांत की विवेचना की गई है। निष्कर्ष स्वरूप में इस लेख में विविध दर्शनों में मोक्ष का अध्ययन तो किया ही है, साथ ही सभी मतों पर मंथन के पश्चात् तारतम्य को समझने का प्रयास भी किया गया है, जिसके फलस्वरूप वेदों में मुक्ति विषय के साथ न्याय करने का सफल उद्यम हुआ है।

61

वैदिक वाङ्गमयः स्वतंत्रता और समानता का प्रेरणास्रोत

डॉ. प्रसून कुमार मिश्र

प्रोड्यूसर–संसद टीवी, संसद भवन, नई दिल्ली

prasunkm@gmail.com

वेदों में स्वतंत्रता और समानता की बात स्पष्ट रूप से कही गई है। वैदिक ऋषि जन–कल्याण के लिए राष्ट्र की परिकल्पना करते हैं। यजुर्वेद के 10वें अध्याय के चौथे मंत्र में स्पष्ट रूप से स्वराज्य की बात कही गयी है। स्वराज स्थ *राष्ट्रदा राष्ट्रमुष्मै दत्त* इसी कड़ी में जनभृत और विश्वभृत दो शब्द भी आए हैं। वेद में जीवन जीने के

लिए स्वराज्य की प्रेरणा मिलती है। स्वराज शब्द का अर्थ है स्व का राज्य। स्व शब्द आत्मा के लिए भी प्रयोग होता है। स्व का राज्य और फिर उसके लिए स्व का तंत्र। क्योंकि राष्ट्र भले ही सांस्कृतिक मूल्यों का वाहक एक परिकल्पना हो लेकिन राजा ऐसा हो जो स्व के अनुरूप तंत्र को स्थापिक कर सके या उसके अनुरूप चला सके। स्वतंत्र या स्वराज के लिए समानता और समरसता की आवश्यकता होती है। इसलिए ऋग्वेद का प्रसिद्ध मंत्र समानता की प्रेरणा देता है–*संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।* साथ ही, *समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः सहचित्तमेषाम्।* यजुर्वेद में कहा गया है *वयं राष्ट्रे जागृह्याम पुराहिताः।* भारत में इन स्वतंत्रता के लिए जितनी बड़ी क्रांति हुई वह विश्व के एक अनूठा उठाहरण है। इन क्रांतियों के पीछे भी वैदिक वाक्यों को ही सहारा था।

वेदिक वाङ्मय में स्वतंत्रता और समानता का भाव जनकल्याण और विश्वकल्याण है जो आत्म कल्याण के शुरू होता है। स्व–राज्य और स्व–तंत्र इसके वाहक हैं। ये दोनों राष्ट्र जैसे सशक्त नियामक तक भाव भरत हैं।

62

कर्म की अवधारणा–वैदिक दृष्टि

डॉ. प्रतिभा शुक्ला

एसोसिएट प्रोफेसर, उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखंड)

pratibhashukla.up@gmail.com

वैदिक वाङ्मय में प्रतिपादित सद्विद्याओं के सदुपयोग के फलस्वरूप मनुष्य सुख प्राप्ति में समर्थ होता है। इसके विपरीत दुःख के गहन गर्त में गिरने की सम्भावना रहती है। वेद में प्रतिपादित कर्म का उपदेश मानव–जीवन को सुखी, समृद्ध एवं शान्तिमय बनाने हेतु परम उपयोगी है। वेद में कर्म शब्द अनेक बार प्रयुक्त हुआ है। अनेक स्थानों पर उक्त शब्द पराक्रम के रूप में (ऋ. 1,22,19), कुछ स्थानों पर इन्द्र के प्रशंसनीय कार्यों की उद्घोषणा अपने शब्दों में करने (ऋ. 1,161,13; ऋ. 1,62,6; 1,101,4; 10,54,4) और कहीं अमरता प्राप्ति हेतु अत्यन्त मूल्यवान सुकृत के अर्थ में वर्णित है। यजुर्वेद में कर्म करने के अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग ही नहीं है–*कुर्वन्नेवेह कर्माणि...* इत्यादि (यजु. 40, 2)। सामवेद में *भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम देवाः...* (साम. 9, 18, 74) कहकर सभी इन्द्रियों से शुभ कर्म करने की प्रेरणा की गई है (अथर्व. 3,28,6; 18,2,71)। उपनिषदों में भी कर्म का उपदेश किया गया है। जो कर्म विद्या, श्रद्धा एवं योग युक्त होकर किया जाता है वह प्रबल होता है। (छान्दो. उप. 1,1,2)। मनुष्य पुण्यकर्म से पुण्यवान होता है और पापकर्म से पापी हो जाता है। (वृ.उ. 3,2,13)। प्रस्तुत शोध पत्र में उक्त तथ्यों पर चिन्तन करने का लघु प्रयास किया गया है।

63

वैदिक समाजवाद

डॉ. पुष्पा यादव विद्यालंकार

अध्यक्षा, संस्कृत विभाग, महिला महाविद्यालय पी.जी., किदवई नगर, कानपुर

drpkyadav.py@gmail.com

समं अजन्ति जना यस्मिन् स समाजः–जिसमें सभी व्यक्ति एक होकर गति करते हैं उसे समाज कहते हैं। समाज शब्द छोटे से छोटे तथा बड़े से बड़े समूह का भी वाचक है। यदि मानव समाज शब्द का प्रयोग करते हैं तो उससे समस्त मनुष्यमात्र का ग्रहण होता है। उस मानव समाज को व्यवस्थित रखने के लिये तथा तदन्तर्गत वर्गों में सामंजस्य, संगति, मेल, परस्पर श्रेष्ठ व्यवहार बनाये रखने के लिये व्यवस्थाये के बाद नियम आदि जो ग्रहण या स्वीकार करने पड़ते हैं, वे सर्वमान्य सिद्धान्तों के आधार पर होते हैं। समाजवाद शब्द को हम समष्टिधर्म, मानवधर्म या समाजधर्म भी कह सकते हैं। वर्तमान में इस 'समाजवाद' शब्द को सोशिएलिज्म या कम्युनिज्म शब्द से ग्रहण किए जाने वाले अर्थों या परिभाषाओं में बंधा मान लिया गया है किन्तु जब हम वेद से समाजवाद का प्रतिपादन करते है तो यह स्पष्ट हो जाता है कि वैदिक समाजवाद के सिद्धान्त सोशिएलिज्म या कम्युनिज्म के जन्म से पूर्व के सिद्धान्त है जो सृष्टि के प्रारम्भ से ही वेदमन्त्रों में समाहित है। वैदिक दृष्टि समाजवाद से ओतप्रोत है। अनेक मंत्रों में इनका स्पष्ट एवं सुन्दर रूप में वर्णन प्राप्त होता है। वेद मन्त्रों में बहुवचन सर्वनाम शब्दों का स्थान-स्थान प्रयोग समष्टिवाद या समाजवाद के आधारभूत सिद्धान्तों का द्योतक है–*धियो यो नः प्रचोदयात्: वयं स्याम पतयो रयीणाम, अग्ने नय सुपथा राये अस्मान्* आदि पदों में बहुवचन वाची सर्वनाम शब्द *नः, वयं अस्मान् समष्टि,* समाज या समूह वाची है। अतः वेद समाजवाद का परम पोषक है।

64

नारी की स्वतन्त्रता एवं समानताः वैदिक साहित्य के परिप्रेक्ष्य में

डॉ० संगीता कुमारी

असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत एवं वेदाध्ययन विभाग, देवसंस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार

kmrsangeeta1@gmail.com

आज से लगभग 4,500 वर्ष पहले के वैदिक समाज में नारियों को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक आदि सभी क्षेत्रों में स्वतन्त्रता एवं समानता का अधिकार प्राप्त था। वैदिक वाङ्मय में नारी के सामाजिक अधिकार और कर्त्तव्य का विशद् रूप में वर्णन है। नारी को परिवार की स्वामिनी बताते हुए कहा गया है कि वह सास-ससुर, देवर और ननद आदि की सम्राज्ञी होती है। तत्कालीन समाज में नारियों को भी पुरुषों के समान ही धार्मिक अधिकार प्राप्त था। ऋग्वेद के साथ ही अथर्ववेद में भी नारी के अधिकार एवं कर्त्तव्य के विषय में बताया गया है कि पति के साथ बैठकर यज्ञार्थ स्रुवा (चम्मच) लेकर यज्ञ करे। वैदिक काल में नारियों को भी पुरुषों के तुल्य शिक्षा–दीक्षा का समान अधिकार प्राप्त था। ऋग्वेद के एक सूक्त में शची (इन्द्राणी) का कथन है–*अहं केतुरहं मूर्धा–ऽहमुग्रा विवाचनी। ममेदनु क्रतुं पतिः, सेहानाया उपाचरेत्।।* (ऋग्वेद 10.159.2) वैदिक वाङ्मय में नारी के राजनीतिक अधिकार एवं कर्त्तव्य भी बताए गए हैं। नारी को सदा जागरुक रहने की शिक्षा दी गई है। वैदिक वाङ्मय में नारी के आर्थिक अधिकार और कर्त्तव्य भी बताए गए हैं। अविवाहित पुत्री को पुत्र के बराबर दाय भाग का अधिकारी बताया गया है। इस प्रकार, वैदिक साहित्य के अनुशीलन से ज्ञात होता है कि स्त्रियाँ कभी पुरुष से पीछे नहीं थीं। ब्रह्मवैवर्त पुराण में लिखा है–*सतीनां पादरजसा सद्यः पूता वसुन्धरा।*

65

वेदों में वर्णित समाजवाद

डॉ. शालिनी मिश्रा

प्रवक्ता, संस्कृत, पं. लालता प्रसाद रामकृष्ण महाविद्यालय, पारा, मौरावां, उन्नाव

tripathisalini@gmail.com.

विश्व में अनेकानेक वाद प्रचलित है, इनमें से साम्यवाद, समाजवाद, त्यागवाद, भोगवाद, आस्तिकवाद, नास्तिकवाद, बहुदेव वाद व एकेश्वरवाद इत्यादि। वेद ही इन सबका उद्गम स्थल है, पक्ष विपक्ष के सभी रूपों का वेदों में चित्रण है। यहां पर हमने समाजवाद का प्रतिपादन किया है कि किस प्रकार से यह (समाजवाद) वेदों में प्रतिबिम्बित है। वेद मनुष्य को नही वरन समाज को प्रमुखता देता है। समाज किस प्रकार सुख-सम्पन्न तथा समभाव युक्त बने इस विषय में वेदों में कुछ विचार उपलब्ध है। वेद सम्पूर्ण समाज के उत्थान की बात करता है। कर्तव्य के रूप में तो व्यक्तिगत कार्य का उपदेश है, किन्तु फल की दृष्टि से सम्पूर्ण समाज को ही दृष्टि में रखा गया है। वेद के प्रारम्भ में ही हमें यह भावना दृष्टिगत हो जाती है। वेद समानता का भी प्रतिपादन करता है। इसी का नाम समाजवाद है। वैदिक समाजवाद का उद्देश्य है कि आपस में द्वेष न करके सर्वजन परस्पर मैत्री की भावना का व्यवहार करे। जब तक समाज सहअस्तित्व की भावना को नहीं अपनाएगा तब तक वह सुखी नही हो सकता। इस प्रकार विश्व का प्रत्येक मानव वैदिक समाजवाद की परिधि में आ जाता है, वेद समान रूप से मानव मात्र के कल्याण तथा उत्थान की बात सोचता है, किसी वर्ग विशेष की नहीं, वेदों में कहे गये वैयक्तिक तथा सामाजिक अधिकार एवं कर्तव्य सभी के बराबर है, इसमें किसी प्रकार का भेद नही है, वैदिक समाज का यह आदर्श स्वरूप है।

66

यजुर्वेद में स्वराज्य की परिकल्पना

डॉ. शशि तिवारी

अध्यक्ष, वेव्स (भारत) एवं पूर्व आचार्य, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

shashitiwari_2017@yahoo.com

यजुर्वेद में राष्ट्र विषयक भरपूर सामग्री प्राप्त होती है। ऐतरेय ब्राह्मण में जिन आठ प्रकार के राज्यों का उल्लेख हुआ है उनमें स्वराज्य एक है। इसी अर्थ में यजुर्वेद की वाजसनेयी संहिता में जानराज्य शब्द का प्रयोग हुआ है

जानराज्य यानी जन का राज्य। प्रजा और पशु इसके अभिन्न अंग है। अविद्वेष, कल्याण-भावना, मैत्री, और सुरक्षा राष्ट्र को पुष्ट करते हैं। राष्ट्र प्रजा को धारण करता है और राजा को प्रतिष्ठित करता है। वैदिक स्वराज्य का आदर्श है कि राजशक्ति और प्रजाशक्ति में कभी वैमनस्य न बढ़े। आकांक्षा व्यक्त की गई है कि 'हे राजन् प्रजाजन तुझे न मारे और तू भी प्रजाजन को न मार' (यजुर्वेद 20/1)। राजा और प्रजा का अच्छा संबंध सुराष्ट्र की आधारशिला है। प्रजां पुष्टिं वर्धयमानः (यजुर्वेद 9/25)–राजा की वास्तविक व्याख्या है।

67

आध्यात्मिकता तथा आत्मप्रबन्धन का अन्तः सम्बन्धः योग दर्शन के सन्दर्भ में

डॉ. श्रुति राय

असिस्टेन्ट प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय

shrutijnu@gmail.com

भारतीय दृष्टिकोण से आत्मप्रबन्धन तथा आध्यात्मिकता (आध्यात्मिक उन्नति) एक ही सिद्धान्त के दो अभिन्न पक्ष हैं। किसी भी मुमुक्षु के लिये आत्मप्रबन्धन उसकी आध्यात्मिक जगत् की आधारभूमि है। स्वयं में प्रबन्धित व्यक्ति ही मोक्ष जैसे दुःसाध्य लक्ष्य की प्राप्ति कर सकता है। योगसूत्र में कैवल्यप्राप्ति के लिये योगप्राप्ति का सिद्धान्त स्थापित करते हैं। ध्यातव्य है कि योग अर्थात् चित्त की वृत्तियों का निरोध किसी भी व्यक्ति की आध्यात्मिक उन्नति का प्रथम सोपान है तथा चित्त की सम्पूर्ण वृत्तियों का पूर्णतया निरोध योग की पराकाष्ठा है और वही कैवल्य का करण है। अतः योगसूत्र के समाधि पाद नामक प्रथम अध्याय तथा साधन पाद नामक द्वितीय अध्याय में योग का स्वरूप तथा उसके साधनश्र का वर्णन है। इन अध्यायों में चित्तवृत्ति के निरोध के लिये साधकों के स्तर को ध्यान में रखकर अलग अलग साधनों का वर्णन किया गया है। जैसे–प्रथम अध्याय में अभ्यास, वैराग्य, ईश्वरप्रणिधान का, द्वितीय अध्याय में तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान, अष्टांगयोग का वर्णन हैं। महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि ये तत्त्व आध्यात्मिकता तथा आत्मप्रबन्धन के बीच के अभिन्न सम्बन्ध को स्थापित करते हैं।

अतः इस शोधपत्र में योगसूत्र में वर्णित योग की परिभाषा, तथा योग के साधनश्र के माध्यम से आध्यात्मिकता तथा आत्मप्रबन्धन के अन्तर्सम्बन्धो की परीक्षा का प्रयास किया गया है।

68

वेदों में राष्ट्र एवं राजा का स्वरूप

शुभम कुमार पाण्डेय

शोधछात्र, वेद–विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

shubhampandey14395@gmail.com

वैदिक साहित्य विश्व के सभी साहित्यिक ग्रन्थों में अतिप्राचीन साहित्य ग्रन्थ है तथा उसमे वर्णित राष्ट्र एवं राजा से संबंधित विषय भी अतिप्राचीन एवं महत्वपूर्ण है। वर्तमान परिपेक्ष में वैदिक ज्ञान प्राचीन होते हुए भी नूतन को परिलक्षित करता है तथा राष्ट्र के प्रति उपयोगी भी साबित होता है। जैसे–राष्ट्र कैसा हो? राजा कैसा हो? प्रजा कैसी हो? इत्यादि। इसके उत्तर में वेद-वचन है कि *वयम् राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः* (अर्थात हम सभी राष्ट्र के बारे में सतत जागरूक रहें) परिवार में भाई-भाई मिलकर रहें। समाज में संगठित रहें। परस्पर मानसिक सांमनस्य में रहें। राष्ट्र की आधार नारियाँ सुभग रहें। ब्राह्मण ब्रह्म-वर्चस्व युक्त, क्षत्रिय महारथी रहें, कृषि और वाणिज्यवान हों। सभी लोग कर्मयोगी, ज्ञानयोगी तथा भक्तियोगी बनें। पशुओं का आधिक्य हो। सारी अमोघ औषधियों से पृथ्वी पटी रहे। पर्यावरण विशुद्ध रहे। देवों की हम पर अहैतुकी कृपा बरसती रहे। हम सहज बने रहें। राजा भी सत्य और तप से राष्ट्र की रक्षा करे। चोरी, हिंसा, मिथ्याडम्बर का बोलबाला न रहे। जल-थल-नभ में हमारी अप्रतिहत गति बनी रहे। वाणी मधुमय, शरीर आरोग्य और मन-चित्त शुद्ध हों। प्रभु का दिव्य प्रकाश बुद्धि में होता रहे जिससे काम-क्रोध-लोभ इन विविध नरकद्वारों से होकर हम न गुजरें।

सम्पूर्ण विश्व नीड़ की भांति हो जाय इत्यादि। प्रस्तुत लेख में वैदिक राष्ट्र की अवधारणा को प्रस्तुति किया जायेगा।

69

महर्षि दयानंद सरस्वती का स्वतंत्रता व समानता पर वैदिक चिन्तन

आचार्य (डॉ.) श्वेत केतु शर्मा

पूर्व सदस्य, हिन्दी सलाहकार समिति, भारत सरकार

shwetketusharma@gmail.com

महर्षि दयानंद सरस्वती आधुनिक भारत के महान चिन्तक, समाज–सुधारक, तथा आर्य समाज के संस्थापक थे। वेदों की ओर लौटो यह उनका प्रमुख नारा था। स्वामी दयानन्द ने वेदों का भाष्य किया इसलिए उन्हें 'ऋषि' कहा जाता है क्योंकि *ऋषयो मन्त्र दृष्टारः* (वेदमन्त्रों के अर्थ का दृष्टा ऋषि होता है)। उन्होने कर्म सिद्धान्त, पुनर्जन्म, ब्रह्मचर्य,सामाजिक समानता, स्वतंत्रता, मुक्ति व मोक्ष सिद्धांत, स्वराज्य की स्थापना को अपने दर्शन का स्तम्भ बनाया। उन्होने ही सबसे पहले 1856 में 'स्वराज्य' का नारा दिया जिसे बाद में लोकमान्य तिलक ने आगे बढ़ाया। स्वतंत्रता व समानता की वैदिक अवधारणा स्वामी दयानंद के विचारों में मूल रूप में थी। महर्षि दयानंद ने वेदों के आधार पर मनुष्यमात्र में समानता के विचारों से समाज को जागृति प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य किया जैसे–*अज्येष्ठासो अकनिष्ठास एते सं भ्रातरो वावृधुः सौभगाय*। पराधीन आर्यावर्त (भारत) में यह कहने का साहस सम्भवतः सर्वप्रथम स्वामी दयानन्द सरस्वती ने ही किया था कि आर्यावर्त (भारत), आर्यावर्तियों (भारतीयों) का है। हमारे प्रथम स्वतन्त्रता समर, सन् 1857 की क्रान्ति की सम्पूर्ण योजना भी स्वामी जी के नेतष्त्व में ही तैयार की गई थी और वही उसके प्रमुख सूत्रधार भी थे। इस प्रकार देश की स्वतंत्रता व समानता के लिये महर्षि दयानंद ही पहले व्यक्ति थे जिन्होने स्वराज्य की स्थापना का उद्घोषण किया था। अतः महर्षि दयानंद सरस्वती का समानता व स्वतंत्रता पर वैदिक चिन्तन आध ाारित है, जिससे समाज व राष्ट्रोन्नति संभव है।

70

वैदिक ग्रंथों में विद्यमान मानव के अधिकार और कर्तव्य

डॉ. सुप्रिया संजु

असिस्टेन्ट प्रोफेसर, संस्कृत, अमिटी यूनिवर्सिटी, हरियाणा

ssanju@ggn.amity.edu; supriyasanju@gmail.com

किसी भी व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता और सम्मान का अधिकार ही मानव अधिकार है। मनुष्य योनि में जन्म लेने के साथ मिलने वाला प्रत्येक अधिकार मानवाधिकार की श्रेणी में आता है। मानवाधिकार महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे लोगों के लिए सम्मान के साथ जीने के लिए आवश्यक न्यूनतम मानकों को दर्शाते हैं। इसका कारण यह है कि ये ऐसे अधिकार हैं जो सीधे प्रकृति से सम्बन्ध रखते हैं जैसे जीने का अधिकार केवल कानून सम्मत अधिकार नहीं है बल्कि इसे प्रकृति से प्रदान किया गया है। सभी व्यक्तियों को गरिमा और अधिकारों के मामले में जन्मजात स्वतंत्रता और समानता प्राप्त है। वैदिक ग्रथों में *वसुधैव कुटुम्बकम्* की अवधारणा की संकल्पना कर भारतवर्ष के प्राचीन ऋषिमुनियों पृथ्वी पर मानवता का विकास किया। इसके माध्यम से उन्होंने यह सन्देश दिया कि सभी मनुष्य समान हैं। और सभी का कर्तव्य है कि वे परस्पर एक-दूसरे के विकास में सहायक बनें, जिससे मानवता पुष्पित और पल्व्वित हो। *वसुधैव कुटुम्बकम्* का दर्शन एक समझ को विकसित करता है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। *सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।।* के द्वारा वैदिक काल से ही सभी सुखी होवें, सभी रोगमुक्त रहें, सभी का जीवन मंगलमय बनें और कोई भी दुःख का भागी न बने, ऐसी कामना की जाती है। इसके अतिरिक्त वर्ण और आश्रम व्यवस्था के साथ मानव के क्या कर्तव्य है इसकी भी विस्तार से वैदिक ग्रंथों में विवेचना की गई है।

71

वैदिक परिप्रेक्ष्य में सत्य, समानता तथा विश्व-बंधुत्व की अवधारणा

तुषार मुखर्जी

पूर्व वैज्ञानिक, अटोमिक एनर्जी विभाग, मुम्बई

tm19621970@yahoo.co.in

वैदिक ग्रंथों में सत्य, समानता तथा विश्व–बंधुत्व की शिक्षा है। *दृष्ट्वा-मधु* (यजुर्वेद 19.77) में सत्य और असत्य को ज्ञानदृष्टि से पृथक करके असत्य में अप्रीति एवं सत्य में प्रीति रखने की शिक्षा है। *अनुव्रतः-शन्तिवाम्* (अथर्ववेद

3.30.2) में पुत्र को माता-पिता का आज्ञाकारी होने तथा स्त्री को पति के प्रति सदा मधुर भाषी होने की शिक्षा है तथा *मा-भद्रयाम्* (अथर्ववेद 3.30.3) में भाइयों एवं बहनों का आपस में प्रेम से रहने की शिक्षा है। *साम्राज्ञ्येधि–श्वश्र्वाः* (अथर्ववेद 14 1 44) में पत्नी को परिवार में साम्राज्ञी मानने की, *संहोत्रं-उत्तरः* (अथर्ववेद 20.126.10) में जीवन के हर क्षेत्र में स्त्रियों की बराबरी की शिक्षा है। विश्व के बाकी धर्मों में ईश्वर को केवल पुरुष-रूप माना गया है, जबकि वेदमंत्र अहं–भूर्ज्यावेशयन्तीम् (ऋग्वेद 10.125.3) में सृष्टिकर्ता ईश्वर को मातृ-रूप भी माना गया है। उदीर्ष्व-बभूथ (अथर्ववेद 18.3.2) से पता चलता है कि वैदिक युग में सती प्रथा थी ही नहीं। *समानि-नाभिमिवाभितः* (अथर्ववेद 3.30.6) में मनुष्यों को साथ-साथ अन्न ग्रहण की, *सं गच्छध्वं-उपासते* (ऋग्वेद 10.191.2) में सब को परस्पर मिलकर जीने की, *ते-समीक्षामहे* (यजुर्वेद 36.18) में सभी प्राणियों को मित्र भाव से देखने की तथा *यस्यं-भर* (ऋग्वेद 8.45. 42) में सम्पूर्ण विश्व को अपना कुटुंब बनाने की शिक्षा है। *यो-यन्त्यन्या* (यजुर्वेद 17.27) में धार्मिक उदारता की शिक्षा है। वैदिक विचारों के अनुसरण से समाज एवं विश्व के वैमनस्य-हिंसा रहित होना संभव है, सत्य-समानता आधारित भेदभाव रहित भातष्त्व भाव युक्त सौहार्दपूर्ण समाज की स्थापना हो सकती है।

72

वैदिककालीन शिक्षा में निहित स्वतंत्रता, समानता के विविध रूप एवं पाश्चात्यों द्वारा वैदिक शिक्षा का विकृतिकरण

वशिष्ठ बहुगुणा

शोध-छात्र, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, दिल्ली

vashishthbahuguna68@gmail.com

शिक्षा सार्थक मानवीय जीवन के लिए उद्देश्यपूर्ण समाजिक प्रक्रिया है। यह समाजजीवन में निरंतर चलती रहती है। जो व्यक्ति को समाज से जोड़ने एवं समाज में जीवन निर्वाह हेतु मूलभूत ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि कर उसे एक सुयोग्य नागरिक के रूप में स्थापित करने में महनीय भूमिका निभाती है। स्वामी विवेकानंद कहते हैं कि "मनुष्य की अंतर्निहित पूर्णता को अभिव्यक्त करना ही शिक्षा है।" भारत में शिक्षा मानवीय जीवन के आरंभ से सतत रूप से प्रवाहमान रही है। संसार का प्रथम ग्रंथ ऋग्वेद भारतभूमि पर ही लिखा गया। वैदिक साहित्य भारतीय मानस की साक्षात् अभिव्यक्ति है। शिक्षा का प्रथम निदर्शन हमें वैदिक साहित्य में ही प्राप्त होता है। आज की भौतिक शिक्षा के विपरीत वैदिककालीन शिक्षा का उद्देश्य मानव के बाह्य एवं आतंरिक दोनों पक्षों के विकास पर आधारित था। बाह्य से अभिप्राय जहाँ भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आवश्यक कौशल एवं ज्ञान से था वहीं आंतरिक विकास का तात्पर्य मानव जीवन के अंतिम उद्देश्य की प्राप्ति से था। वैदिककालीन शिक्षा मानवीय व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास पर केंद्रित थी। मानव का मानव से ही नही अपितु मानव का प्रकृति तथा जीव से कैसे व्यवहार होना चाहिए इस पर भी वैदिक शिक्षा विचार करती थी। अठाहरवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से पश्चिमी षड्यंत्रकारियों ने इस शिक्षा की समाप्ति हेतु अनेक षड्यंत्र रचे। यह शोधपत्र वैदिककालीन शिक्षा में निहित स्वतंत्रता, समानता के विविध रूपों के साथ पाश्चात्यों के वैदिक शिक्षा के विकृतिकरण के षड्यंत्रों को उजागर करेगा।

73

समानता की वैदिक अवधारणा एवं आधुनिक विश्व

डॉ. योगेश शर्मा

सहायक आचार्य, पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय (सांध्य), दिल्ली विश्वविद्यालय

yogeshshrm88@gmail.com

आज संसार में अनेक समस्याएं विद्यमान हैं जो कि मानव जाति के लिए विनाश का कार्य कर रही हैं। यहां प्रश्न यह उठता है कि इन समस्याओं का निराकरण कैसे किया जाए? इसका समाधान विश्व की सबसे प्राचीन धरोहर वेदों में प्राप्त होता है जिनमें ऋषियों ने बड़े ही शोध और विचारपूर्वक कुछ सिद्धांत व विचारों को मंत्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। जो कि आज के इस भौतिक, विकसित व तथाकथित वैज्ञानिक युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने कि प्राचीन समय में थे। जैसे कि–*मा भ्राता भातरं द्विक्षन्मा स्वसारमुत स्वसा। सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत* भद्रया। (अथर्ववेद–3/30/3) *समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।* (ऋग्वेद–10/191/4) इन मंत्रों में प्रतिपादित समानतापरक सिद्धांत या विचार को संसार का कोई भी मनुष्य यदि अपने आचरण में लाता है तो निश्चय ही वह एक श्रेष्ठ मनुष्य बनने की दिशा में एक सोपान और आगे बढ़ जाता है। प्रस्तुत शोध-लेख में आधुनिक समय में विश्व के में व्याप्त समस्याओं का निराकरण समानता नामक वैदिक अवधारणा से कैसे किया जा सकता है इस पर प्रकाश डालने का प्रयास किया जाएगा।

74

उपनिषत्साहित्ये स्वतन्त्रतासमानतयोः मौलिकतत्त्वानि

डॉ. डि.वेणुगोपालरावः

सहायकाचार्यः, शिक्षाशास्त्रविभागः, केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः, गुरुवयूर परिसरः

mohanamurari2011@gmail.com

स्वराज्यं, स्वतन्त्रता, स्वाधिकाराः, समानता, स्वमातृभूमिः, मानवाधिकारः, कर्तव्यता, स्वोत्तरदायित्वानि, प्रजातान्त्रिकता, मानवीयता, समभावना, सहृदयता, ऐक्यभावना, अहिंसा, सत्यं, धर्मः, आध्यात्मिकता, प्रकृतिः, राष्ट्रियता इत्याद्यनेकान्य–द्वितीयमूल्यानि स्वास्तित्वे समासाद्यैवाधुना समेभ्यः देशेभ्यः भारतं विश्वगुरुत्वेनादर्शदेश इव वर्तत कथने न विप्रतिपत्तिः। स्वतन्त्रता समानतेति पदद्वयं मानवलोकाय स्वास्तित्वप्रतिबिम्बाय शक्तिप्रदं भवति। वस्तुतः मानवाधिकाराः इत्ययं कश्चन सार्वजनिकशब्दः भवति। यथार्थः, न्यायः, श्रेष्ठः, निश्चितं, कर्तव्यता, उत्तरदायित्वं, स्वतन्त्रता, साध्यता, युक्तता, सत्यसन्धता, अर्हतेत्यद्येनेकार्थेष्वधिकार इति शब्दः संस्कृतसाहित्ये प्रयुक्तो दृश्यते। अयमधिकारः इति शब्दः पाश्चात्यैरपि Justice, Privilege, Power, Prerogative इत्यादिशब्दैः प्रयुक्तो वर्तते। स्वतन्त्रता, समानता इत्येतावुभावपि शब्दौ मानवाधिकारेषु मुख्यौ श्रेष्ठौ चाधिकारौ भवतः। मानवाधिकारा एव प्राचीनभारते राजधर्माः, राजाज्ञाः, शासनानि, राजादेशाः, चातुर्वर्ण्यधर्माः, शासनाधिकारा इति सामाजिकानां जीवने आसन्। निर्देशाः, आदेशाः, शासनानि, आज्ञाः, सम्प्रदायाः, परम्पराः, विश्वासाः, सिद्धन्ताः, सनातनधर्माः, संस्काराः इति बहुधा भारतीयसाहित्ये आधिकारिकविचाराः विवृतासन्ति। चाणक्यप्रभृतयः स्वराज्यप्राप्तये स्थिरीकरणे च शतं प्रतिशतं स्वाधिकारभावनाभिरेव जिताश्चाभवन्।

संस्कृतसाहित्यं भारतीयसस्कृतस्य, संस्कृतेः, समाजस्य च दर्पणवत्तिष्ठिति। तत्र वैदिकसाहित्यं सर्वाधारमिति जगद्विदित एवांशः। स्वतन्त्रता समानतेति मानवाधिकारयोः मूलसङ्कल्पस्तु सह नाववतु सह नौ भुनक्तु सह वीर्यं करवावहै, तेजस्विनावधीतमस्तु माविद्विषावहै इति वैदिकसाहित्यधीन एव। इत्थं वसुधैककुटुम्बकभावनया वैदिकैः स्वतन्त्रतासमानतयोः ये मानवाधिकारसङ्कल्पाः गूढतया तत्साहित्ये सृष्टाः ते अस्मिन् शोधपत्रे प्रमाणपुरस्सरं निरूप्यन्ते।

75

राजाचयनम्

हरिश्चन्द्र होता

एसो प्रो, संस्कृत विभाग, सिद्धार्थ डिग्री महाविद्यालय, बिम्का, सुबर्णपुर

harishhota15@gmail.com

सर्वेषु समाजेषु प्रजानां शासनस्यावस्यकता प्रत्यक्षं विद्यते। शासनस्य मूलस्रोतः पुरा राजा वभुव। राजकीय व्यवस्थायाः विपुलपरि प्रजापरिपालनं धर्मसंस्थापनं पापानां निग्रहणं शान्तव्यवस्था स्थापनं इत्यस्य कृते राज्ये राज्ञो नियुक्ति अनिवार्यः।

राज्ञो गुणसम्पत्–ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्र वि रक्षति। (अथर्व वेद) उपनिषद् काले कतिपयनृपा जनकादय प्रमुखा परमदार्शनिकाः आसन्। ते च विनयसंपन्ना आसन्। रघुवंशम् महाकाव्येऽपि कालिदासेन निगदितं *प्रजानां विनयाधानाद्रक्षणा भरणादपि। स पिता पितरस्तासां केवलं जन्महेतवः।।* परमदार्शनिका वभूवुः विद्याविनतो राजा हि प्रजानां विनये रतः। अनन्यां पृथिवीं भुङ्क्ते सर्वभूतहिते रतः। महाभारते निगद्यते *संग्रहश्चौव भूतानां दानं च मधुरा च वाक्। अप्रमादश्च शौचं च राज्ञो भूतिकः महत्। गुणवान् शीलवानदान्तो मृदु धर्मो जितेन्द्रियः। सुदर्शनं स्थुललक्ष्म्यश्च न भ्रश्येत सदा श्रीयः।।* (शान्तिपर्वणि 92.50) राज्यस्यसप्तङ्गस्य विपरीतंयः आचरयति सो हन्तव्यः। सप्ताङ्गस्य च राज्यस्य विपरीतं यः आचरेत्। गुरवो यदि वा मित्रं प्रतिहन्तव्य एव सः। राज्ञः नियुक्तिःशास्त्रानुसारं प्रतिपालनमासीत्। मन्वादीनांशास्त्रंवैदीकशास्त्रानुसारं दण्डविधानानि ते स्वीकृतवन्तः। महाभारते निगद्यते। *कालस्यकारणं राजा राजा वा कालकारणम् इति तेसंशयःमाभूत्राजा कालस्य कारणम्।।*

76

वैदिक वाङ्मये मानवाधिकार चिन्तनस्य वर्तमानपरिप्रेक्ष्ये प्रासंगिकता

प्रो. कमलाभारद्वाजः

पूर्वाचार्या, श्रीलालबहादुरशास्त्री, नेशनलसंस्कृतविश्वविद्यालयः, दिल्ली

kamlabhardwaj55@gmail.com

वर्तमानयुगे मानवजीवने मूल्यबोधो यथा यथा क्षीयते तथा तथा जीवनस्य प्रायः सर्वेष्वपि पारिवारिक-सामाजिकसांस्कृतिकधार्मिकादिक्षेत्रेषु अधिकारस्य विषयः प्रमुखत्वं भजते।समस्येयं नाद्यतनीया अपितु वैदिककालादेव द्रष्टुं शक्यते। तत्सर्वमनुभूय ऋषयः आरम्भादेव मानवाधिकार रक्षणाय सन्द्धाः जाताः विशेषतःवैदिकवाङ्मये मानवाधिकाररक्षणस्य चिन्तनं दरीदृश्यते। भारतीयचिन्तन परम्परायां कर्तव्यप्रधानत्वात् शास्त्राणि प्रत्यक्षतः मानवमात्रस्य कर्तव्यबोधायैव प्रवृत्तानि तथापि कर्तव्यबोधे सति अधिकाररक्षणं स्वतः एव जायते। वेदेष्वपि मानवजीवनस्य सर्वविध कल्याणाय, मानवजीवनविकासाय, संरक्षणाय,पोषणाय च चिन्तनं विद्यते। ऋग्वेदे उल्लिखितं यत्प्रजायै हितकरः मानुषः, प्रजायै अहितकरश्च अमानुषः व्यवहारः। मानवाधिकाराय वेदेषु विश्वबन्धुत्वम्, विश्वस्यैक्यम्, मानवीयसमत्वाय च प्रेरकानि तत्वानि निरूपितानि। वैदिक समाजे व्यक्तिगताधिकाराणाम् अपेक्षया सामूहिकाधिकाराः महत्वाधायिनः।

वसुधैव कुटुम्बकम्, संगच्छध्वं संवदध्वं सदृशवेदवचनान्येतानि समत्वप्रतिपादनद्वारा मानवाधिकाररक्षणपराण्येव, परं परवर्तीकाले मानवाधिकाराणां स्वरूपं छिन्नं जातम्। परिणामतः मानवाधिकाराणां संरक्षणाय अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षायै शान्ति स्थापनार्थं संयुक्तराष्ट्रसंघेन मानवाधिकारसंरक्षणाधि-नियमः प्रस्तुतः।

अधिनियमेस्मिन् प्रारम्भिक- नागरिक-राजनैतिक-आर्थिक-सामाजिक-सांस्कृतिक-मानवाधिकाराः मूलभूतस्वातन्त्र्यविषये च केचन प्रतिबन्धाः इति प्रतिपादितम्। शोधपत्रैस्मिन्स्वातन्त्र्यस्य समत्वस्य, विवाहस्य परिवारविस्तारस्य, शिक्षायाः सामाजिकाद्यधिकाराणां विषये वैदिकवाङ्मये प्रतिपादितायाः चिन्तनपरम्परानुसारं विचाराः प्रस्तूयन्ते। वैदिक-चिन्तनस्य प्रासंगिकत्वविषयैपि चिन्तनं विधास्यते।

77

मुख्योपनिषत्सु वाक्स्वतन्त्रतायाः अवधारणा

लोपामुद्रा गोस्वामी

शोधछात्रा, कुमारभास्करवर्मसंस्कृतपुरातनाध्ययनविश्वविद्यालयः, असमप्रदेशः

loopamudragoswami03@gmail.com

भारतीयसंविधाने स्वतन्त्रतयाः अधिकारः मुख्याधिकारेषु सम्मिलितोऽस्ति। संविधानेऽस्मिन् 19 तमः क्रमांकः वाक् तथा अभिव्यक्तेः स्वतन्त्रतामधिकुरुतः। परन्तु एषा धारा संविधाने न अर्वाचीनभारतीयपरिप्रेक्षे अन्तर्भूक्ता जाता, इयं धारा वेदकालादेव प्रवाहमाना दृष्टा। वयं तु वेदेषु पुराणेषु इतिहासग्रन्थेषु सर्वत्र प्राचीनप्रसिद्धसंस्कृतरचनासु वागधिकारस्य दृष्टान्तं पश्यामः। उच्यते च ऋग्वेदे (1.164.64)–*एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति* इति। प्राचीनार्चायस्तु एकमेव विषयं भिन्नतर्केण उपस्थापयन्ति। उपस्थापनावसरे प्राचीनाचार्याणां खण्डनमपि तैः कृतं न तत्र दोषाः आसन्। तत्र सर्वत्र सर्वेषां स्वाभिव्यक्तेः स्वतन्त्रता आसीत्। न्यायदर्शने तु अक्षपादाचार्यः कथं नु स्वमतमुपस्थातव्यमित्यवसरे प्रमाणादि षोडशपदार्थानामुल्लेखयति सः। इतोऽपि स्वमतमुपस्थापनाय एव प्राचीनकाले शास्त्रार्थस्यापि प्रचलनमासीत्। दृश्यते च दर्शनग्रन्थेषु श्रीमद्भगवद्गीतायाम् उपनिषत्सु च तत्र शिष्याः गुरोः समीपे स्वमतमुपस्थापनेन शंकान् निराकृतवन्तः। कठोपनिषदि तु नचिकेता साक्षात् मृत्योः यमराजस्य वा सम्मुखे स्वतर्कं स्थापितवान्। एवं बृहदारण्यकोपनिषदि अपि बालाकिः अजातशत्रुं परितःब्रह्मविषयकं स्वज्ञानमुस्थापितवान्।

एवं स्त्रीणामपि वाक्स्वाधीनतायाः प्रमाणं गार्गी-याज्ञवल्क्यसंवादप्रभृतिभिः ज्ञातुं शक्नुमः। एवं गुरोः साक्षात् शिष्यस्य, समाजे नारीणां, वर्णभेदे सामाजिकविषये स्वमतोपस्थापनस्वतन्त्रतयाः अवसरः कीदृशः आसीदिति अस्मिन् शोधपत्रे मुख्योपनिषद्दिशा अध्ययनमिष्यते।

78

लिङ्गसमानतामधिकृत्य प्राचीनभारतीयवाङ्मयोपपादितभिन्नलिङ्गिन आदाय समीक्षात्मकमध्ययनम्

नम्यलक्ष्मी आर.

छात्रा, श्री शंकर महाविद्यालय, कलाडी, केरल

namyalakshmi@gmail.com

जन्मना जनाः लिङ्गत्वेन द्विधा विभक्ताः–पुंस्त्री चेति। किन्तु भाषायां शब्दाः त्रिधा एव विभक्ताः–पुंल्लिंगः, स्त्रीलिंगः, नपुंसकलिंगश्चेति। जीविनां विषये विशिष्य मानवानां विषये प्रायेण तृतीयलिंगाय प्राधान्यं न दत्तमासीत्। किन्तु अस्मिन् कालखण्डे नपुंसकलिंगीयाः जनाः अपि समाजस्य मुख्यधारामावहन्ति। ते तु भिन्नलिंगाः इति समाजे व्यवह्रियन्ते। भारतीयसर्वकारेणापि भिन्नलिंगानां कृते सविशेषश्रद्धा दीयते। इतरलिंगयोरिव नागरिकाधिकारे, धार्मिकदायित्वे, सामाजिकव्यवहारे च भिन्नलिंगाः समाः भवेयुरिति सर्वकारेण 2019 तमे वर्षे जनसंसदि विधेयकं किञ्चित् अनुमोदितं भारतीयराजपत्रद्वारा विज्ञापितं च। अत्र तु भारतस्य पौराणिकग्रन्थेषु भिन्नलिंगाः कथं व्यवह्रताः, समाजे तेषां स्थानं, समाजपरिष्करणे तेषां योगदानं दायित्वञ्च अवलोकयितुं यत्नः क्रियते। महानिर्वाणतन्त्रं [12–104], कामसूत्रं [2–9–36], सुश्रुतसंहिता [3–2–42], नारदस्मृतिः इत्यादिषु ग्रन्थेषु तृतीयलिंगीयानां परामर्शाः दृश्यन्ते। पुरातनग्रन्थेषु ते तृतीयप्रकृतिरिति कथ्यन्ते। पुराणेतिहासादिग्रन्थेषु दृश्यमानानि अर्धनारीश्वरपरिकल्पनं, देवतानां लिङ्गपरिवर्तनकथाः, परिवर्तितलिङ्गानां देवतानामाराधनम् इत्यादीनि जनेषु तृतीयलिङ्गीयानां स्थानं ज्ञापयन्ति। अरावणोत्सवः [कूवग्रामः तमिलनाटु], बहुचरमतं [गुजरात्], येल्लम्मा [करणाटकं], चमयविलक्क् [कोल्लं केरलं], इत्यादयः देवताराधनक्रमाः उदाहरणत्वेन वक्तुं शक्यते। महाभारते अर्जुनस्य बृहन्नलेति तृतीयलिंगपरिणामः, तत्रैव विद्यमानः शिखण्डिः, पुराणप्रसिद्धः मोहिनीवेषः इत्यादिभिः उपाख्यानैः पुरातनभारतीयेषु तृतीयलिङ्गस्य प्रभावः स्पष्टीक्रियते।

79

यत्र विश्वं भवत्यैकनीडम्

डॉ. पराम्बा श्रीयोगमाया

सहायकाचार्या, स्नातकोत्तरवेदविभागः, श्रीजगन्नाथसंस्कृतविभागः, श्रीविहारः, पुरी

parambasam@gmail.com

देशस्य विश्वस्य च प्रसङ्गे वैषम्यस्यासहनशीलतायाश्च प्रादुर्भावो राष्ट्रस्य विश्वस्य वाभ्यन्तरावस्थां तथा बाह्यावस्थां कबलीकरोति। अपरपक्षे महतो देशस्यास्य विपुलः शास्त्रनिधिः सन्मार्गप्रदर्शनाय सर्वदोन्मुक्त उन्मुखश्च। परन्तु यावत् पर्यन्तं सः शेवधिर्जनमानसे चेतनां न जागरयति तावन्न किञ्चिदिभन्नं प्रभविष्यति। विश्वस्यैकीकरणं न केवलं शिल्पवाणिज्यकूटनैतिकसम्पर्केष्वपितु भावगतौदार्यापादने निहितमस्ति। समुत्तरितचेतनाया उपलब्धनिधेर्वेदराशेर्राष्ट्रभावनायुतमन्त्रेषु वसुधैव कुटुम्बकमित्याशयस्य भित्तिरूपेण या सूक्तिर्यजुर्वेदे (32.8) तथाथर्ववेदे (2.1.1) प्राप्यते सा सूक्तिसम्पुटितस्य मन्त्रस्य विनियोगो मूलतो यद्यप्याध्यात्मपरकस्तथापि व्यवहारदृशा कथं साम्प्रतिके विश्वेऽस्याः सूक्तेरुपयोगः स्यादिति पूर्वापरसंयोगमभिलषते। वैदिकसूक्तेषु कथं वैश्विकरणभावना भावगतस्तरे विद्यते इति मनोविज्ञानपक्षमाधृत्य भावैकत्वं संवेगैकत्वञ्च समधिकभावेन विश्वस्य राष्ट्रस्य वा समृद्धपथ इति पक्षोपस्थपनायास्मिन् पत्रे चेष्टामात्रं क्रियते।

80

वैदिकसंहितासु मैत्रीभावना

श्रिप्रा राय

अध्यापिका, संस्कृतविभागः, त्रिपुरा विश्वविद्यालयः

sipraray@tripurauniv.in

भारतीयसंस्कृतेराधारं वैदिकसंहिता। चत्वारो हि वेदाः, ऋग्–यजुः सामाथर्वभेदात्। वेदस्यैव अपरं नाम संहिता इति। वैदिकसंहितासु मैत्रीभावनाविषये बहूनि तथ्यानि निहितानि सन्ति। मैत्रीबोधस्य भावना अस्माकं भारतीयसंस्कृतौ उपस्थापिता वर्तते। मैत्रीबोधस्य भावना अस्मदीयानां भारतीयानां मनसि निहिता वर्तते। संस्कृतसाहित्येषु बहुषु स्थलेषु मैत्रीबोधस्य भावना

परिलक्ष्यते। हितोपदेशे समग्रं विश्वम् एकं कुटुम्बकं स्वीकृतं यथा–*अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।* वैदिकसंहितासु विश्वकल्याणं, सर्वेषां नराणां हितकामना, मैत्रीबोधस्य भावना च परिलक्ष्यते। मैत्रीबोधस्य प्रयोजनं सर्वेषु कालेषु समानतया समुपयोगि भवति। वैदिकऋषयः जगतः कल्याणार्थं मैत्रीभावनाविषयकानि बहूनि सूक्तानि प्रोक्तवन्तः।शोधप्रबन्धेऽस्मिन् मया संक्षेपेण 'वैदिकसंहितासु मैत्रीभावना' इति विषयमधिकृत्य आलोचितम्।

❖—❖—❖

वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः। –वा.सं. ९.२३
Vayaṃ rāṣ re jāgṛyāma purohitāḥ.
हम सब अपने राष्ट्र में आगे स्थित होकर जागते रहें।
May we standing in front, keep waking in our nation.

मा गृधः कस्यस्विद् धनम्। –ईशा. १
Mā gṛdhaḥ kasyasvid dhanam.
किसी के भी धन का लोभ मत करो।
Do not covet the wealth of anyone.

धर्मं चर। धर्मान्न प्रमदितव्यम्। –तैत्ति. १.११
Dharmaṃ cara. Dharmānna pramaditavyam.
धर्म का आचरण करो। धर्म से कभी नहीं डिगना चाहिए।
Practise righteousness (Dharma). Do not swerve from righteousness (Dharma).

A brief Introduction of Central Sanskrit University, Shri Raghunatha Kirti Campus, Devprayag, Uttarakhand

Shri Raghunatha Kirti Campus, Devaprayaga was established on 16th June, 2016 as the 12th constituent Campus of Central Sanskrit University **(**Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan). The campus is named after the famous ancient deity Shri Raghunathaji shrined in the ancient Raghunatha temple constructed in the Katyuri style of Katyuri dynasty of the mountains on the holy confluence of two mythological rivers, namely, Bhagirathi and Alakananda from where exactly the river Ganga is originated and recognised as the first prayaga among the five prayagas of Uttarakhand.

The campus has total 23 acres of land and functional with five departments where traditional subjects like Vyakarana, Jyotisha, Sahitya, Veda and Nyaya are taught along with the modern Subjects like Hindi, English, History, computer Science etc. (upto graduation or Shastri level). The campus offers regular courses like Prak-Shastri (Intermediate), Shastri (B.A.), Acharya (M.A.) and Vidyavaridhi (Ph.D.) at present. Some of these courses run in distance mode also through its Mukta-svadhyaya-pitham.

The Campus publishes Research journals and periodicals like Raghunatha-kirtipataka (Annual Magazine), Raghunatha-vartavali (quarterly Newsletter) along with the departmental journals, namely, Shabdi-tripathaga (Vyakarana), Sahiti (Sahitya), Amnaya-haimavati (Veda), Daivi (Jyotisha), Adhunika-shodha-triveni (Modern) and Nyayashastrartha-prakarsha (Nyaya).

The campus has well-equipped library, computer-lab and functional Resource Centre of Modern Sanskrit Literature, Resource Centre of Manuscripts and Resource Centre of Buddhist Sanskrit Literature. Campus organises several International and National Seminars, workshops and all India Multi-lingual-Poetry-symposium etc. both online and offline.

Prof. Banamali Biswal
Central Sanskrit University,
Shri Raghunath Kirti Campus,
Devaprayag, Paudi Garhwal,
Uttarakhand-249301

A Brief Introduction of 'WAVES'
Wider Association for Vedic Studies (Regd.)

WAVES (Wider Association for Vedic Studies (Regd.), formerly known as "World Association for Vedic Studies (WAVES), India Branch", is a forum for all scholarly activities and views on any area of 'Vedic Studies' variously called Indian Studies, South Asian Studies or Indology. WAVES is not confined to study related to Vedas alone or to India alone. It encompasses all that applies to traditions commonly called Vedic tradition of past, present and Future, anywhere in the world.

This organization was established at Atlanta, USA in 1996 by a group of academics interested in Vedic knowledge under the chairman-ship of Prof. Bhu Dev Sharma. It is a non-religious society with no rigid ideology. Its membership is open to all without any discrimination. Today, Vedic traditions are not confined to Indian subcontinent but have spread virtually to all parts of the globe, through persons of Indian origin and through scholars and admirers of these traditions. For several centuries Vedic people in India made significant contributions in various academic fields-science, literature, culture, technology, etc. For most of the world, these contributions are unknown, unrecognized, and sometimes rather distorted. There is a need, particularly among scholars to work for the proper understanding and appreciation of such religious, cultural and other contributions.

The general purposes for which the Society is formed are as follows: To promote Vedic and ancient Indian studies in all its forms and in all countries; To conduct multi-disciplinary activities for research and study of Vedic traditions; To support researches and studies in various Vedic sub-specialties, Sanskrit, other Indian languages and contemporary works; To encourage research in developing all aspects of Vedic and ancient Indian traditions; and To promote universal, intellectual, ethical traditions enshrined in Vedas and other works of ancient Indian origin.

WAVES's head office is in Delhi, while its four Chapters are working in Bangalore, Jodhpur ,Lucknow, and Haridwar. WAVES has published eight volumes of edited and selected papers of its National conferences which are edited by Dr. Shashi Tiwari. The books are published from Pratibha Prakashan, Delhi and are available in market. Annual newsletter is another publication of WAVES, India.

Dr Shashi Tiwari
President, WAVES

WAVES कुलगीत

वेदाध्ययन है लक्ष्य हमारा,
वेव्स है माध्यम जिसका न्यारा।।

अपरा से जीवन निखारकर, परा से पाएँ अक्षर-ज्ञान।
सत्यं शिवं सुन्दरं के हम, सिद्ध कर पाएँ सब वरदान।।
यही परम उद्देश्य हमारा, वेदाध्ययन है लक्ष्य हमारा।।
वेव्स है माध्यम जिसका न्यारा।।

वेव्स दे रहा बोध-तरंगें, भारत की विद्या पहचानें।
वेद-पुराण-स्मृति-ग्रंथों में निहित अमूल्य सार हम जानें।।
तत्त्वज्ञान ही बोध्य हमारा, वेदाध्ययन है लक्ष्य हमारा।।
वेव्स है माध्यम जिसका न्यारा।।

दशकों से है वेव्स दे रहा, अवसर चर्चा का, चिंतन का।।
एक मंच पर सबको लाना, ध्येय रहा हर सम्मेलन का।।
वैश्विक-हित कर्तव्य हमारा, वेदाध्ययन है लक्ष्य हमारा।।
वेव्स है माध्यम जिसका न्यारा।।

ऋतंभरा प्रज्ञा से युत हों, भ्रमजालों से दूर बचें हम।
स्वस्ति भावपूरित जीवन हो, अनृत-मार्ग से दूर रहें हम।।
चिदानंद गंतव्य हमारा, वेदाध्ययन है लक्ष्य हमारा।।
वेदाध्ययन है लक्ष्य हमारा,
वेव्स है माध्यम जिसका न्यारा।।

लेखिका द्वयः– **डॉ. प्रवेश सक्सेना, डॉ. शशि तिवारी**

WAVES, India
(www.waves-india.com)

Wider Association for Vedic Studies (WAVES) is a Multi-Disciplinary Academic Society, registered under Societies Registration Act, XXI of 1860. Association maintains its acronym 'WAVES' and is an affiliate of 'World Association for Vedic Studies, USA'. Presently WAVES has 300 members registered as Life Members with its six chapters in different parts of India. It has organized 24 annual conferences in Delhi or different parts of India mostly in association with any University or academic Institute. One such conference was organized in Nepal. The 25th India Conference of WAVES would be jointly organized with CSU, SRK Campus, Devprayag in 2021.

CSU, SRK Campus
(http://csu-devprayag.edu.in/)

Shri Raghunatha Kirti Campus, Devprayag (established on 16th June, 2016) is the 12th constituent Campus of Central Sanskrit University (Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan). The campus has total 23 acres of land and functional with five departments where traditional subjects like Vyakarana, Jyotisha, Sahitya, Veda and Nyaya are taught through regular/distance mode courses like Prak-Shastri, Shastri, Acharya and Vidyavaridhi (Ph.D). The Campus publishes several Research journals and periodicals regularly. The campus has well-equipped library, computer-lab and functional Resource Centre of Modern Sanskrit Literature, Resource Centre of Manuscripts and Resource Centre of Buddhist Sanskrit Literature. Campus organizes International/National Seminars/Workshops/Poetry-symposium etc. both online and offline.